चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.7.25 | 1 | 6-7 |

# एचएयू : 767 ने प्रवेश परीक्षा दी



भास्कर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजिकल साइंसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ साइंसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 767 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपरोक्त विषयों की प्रवेश परीक्षा विवि में 2 चरणों में की गई। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विवि प्रशासन ने विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया था, जिन्होंने दोनों केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21.7.25 | 4 | 7-8 |

# हकृवि में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न

## बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बी.एस.सी. फिजीकल सांइसिज व बी.एस.सी. (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज की परीक्षा आयोजित



*कुलपति प्रो. बी.आर. कांम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए ।*

हिसार, 20 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बी.एस.सी. (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बी.एस.सी. (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज़ (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया। उपरोक्त विषयों की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय में 2 चरणों में आयोजित की गई। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था, जिन्होनें दोनों केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।


कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 767 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21.7.25 | 5 | 2-5 |

# हकृवि में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

हिसार, 20 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया। उपरोक्त विषयों की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय में 2 चरणों में आयोजित की गई। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था, जिन्होनें दोनों केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 767 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in and hau.ac.in पर चेक करते रहें।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21.7.25 | 5 | 1 |

### हकृवि में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (आनर्स) फिजिकल सांइसेज (चार वर्षीय) व बीएससी (आनर्स) लाइफ सांइसेज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उपरोक्त विषयों की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय में दो चरणों में आयोजित की गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 21.7.25 | 12 | 3-5 |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उपरोक्त विषयों की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय में दो चरणों में आयोजित की गई। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था, जिन्होनें दोनों केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 767 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी जानकारियों के लिए की वेबसाइट पर चेक करते रहें।



हिसार। कुलपति प्रो . बीआर कम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21.7.25 | 2 | 1-2 |

# एचएयू में 767 विद्यार्थियों ने दी तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसेज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसेज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 767 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

### विवि प्रशासन ने विशेष निरीक्षण दलों का किया गठन

उपरोक्त विषयों की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय में 2 चरणों में आयोजित की गई। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का भी गठन किया गया था, जिन्होंने दोनों केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया।